# Rise Education ®

Hindi Medium

17 Jan 2026

Follow us on



Ashish Namdev
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS

## GK BOOSTER

CAT | MAT | CLAT | SSC

BANK | RAILWAY | VYAPAM | CDS


Save this Number
7415334338
For Daily Current Affairs /PDF Notes/Job Notifications

Address : C-145, Sec 01, Behind City Center Mall, Near Axis Juice, Devendra Nagar, Raipur - 492004

Contact : 7415334338, 9165040534

## 17 जनवरी से संबंधित करेंट अफेयर्स

- केंद्र सरकार ने 17 लाख करोड़ रूपये की सार्वजनिक निजी भागीदारी परियोजनाओं की तीन वर्षीय पाइपलाइन तैयार की हैं। इस पाइपलाइन में 852 परियोजनाएं शामिल है, जो केंद्रीय अवसंरचना मंत्रालयों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशो में फैली हुई हैं। इन परियोजनाओं की कुल लागत 17 लाख करोड़ रूपये से अधिक हैं। यह पाइपलाइन आगामी पीपीपी परियोजनाओं के बारे में प्रारंभिक जानकारी प्रदान करती हैं।
- एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के सीएसआर वितपोषित विकास के लिए ओएनजीसी ओर एनएसटीएफडीसी के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। एनएसटीएफडीसी जनजातीय मामलों के मंत्रालय का एक स्वायत निकाय हैं। समझौते पर डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य करियर मार्गदर्शन, डिजिटल शिक्षा और विद्यालय के अवसंरचना में सुधार के माध्यम से आदिवासी छात्रों का सशक्तिकरण करना हैं।
- बिम्सटेक देशो के लिए विशेषीकृत कैंसर देखभाल प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा चरण विशाखापतनम में शुरू किया गया। विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव सी.एस.आर राम ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में बिम्सटेक देशो के प्रतिभागी शामिल हैं। इन देशो में बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार, श्रीलंका, थाईलैंड ओर नेपाल शामिल हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्र में कैंसर का बढ़ता बोझ क्षमता निर्माण और कौशल विकास को आवश्यक बनाता हैं।
- भारत की पहली वन यूनिवर्सिटी की स्थापना की तैयारी चल रही हैं, जो उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में स्थापित की जाएगी। यह पहला वानिकी संरक्षण ओर पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में शिक्षा और अनुसंधान को नई दिशा देने में एक बड़ा कदम है। यह परियोजना जैव विविधता संरक्षण, जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न ओर सतत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन पर बढ़ते राष्ट्रीय फोकस को जोड़ती है।
- असम मंत्रिमंडल ने बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद के लिए 250 करोड़ रूपये की राशि जारी करने की मंजूरी दे दी हैं। यह बोडोलैंड क्षेत्र के विकास पर सरकार के फोकस की पुष्टि करता हैं। इस धनराशि का उपयोग बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद, के सभी क्षेत्रो में ग्रामीण अवसंरचना परियोजनाओं के लिए किया जाएगा। इस धनराशि का उपयोग बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद के क्षेत्रो में प्राथमिकता विकास परियोजनाओं के लिए भी किया जाएगा। इसका उद्देश्य संपर्क, आजीविका ओर बुनियादी नागरिक सुविधाओं में सुधार करना हैं।
- भारत व्यावसायिक रूप से बायो बिटुमेन का उत्पादन करने वाला विश्व का पहला देश बन गया हैं। इस उपलब्धि की घोषणा सड़क परिवहन ओर राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नई दिल्ली में आयोजित सीएसआईआर प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समारोह में की। बायो बिटुमेन का उपयोग सड़क निर्माण में किया जाता है। यह कच्चे तेल से प्राप्त होने वाले पारंपरिक बिटुमेन का एक विकल्प है। श्री गडकरी ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सीएसआईआर को बधाई दी ओर कहा कि यह पहल फसल अवशेष जलाने से होने वाले प्रदूषण कम करने में सहायक होगी।
- भारतीय रेलवे दुनिया की सबसे बड़ी विद्युतीकरण रेल प्रणाली बन गई हैं। लगभग पूरा 70,000 किलोमीटर का ब्रॉड गेज नेटवर्क अब बिजली से चलता हैं। नवंबर 2025 तक नेटवर्क का 99% से अधिक हिस्सा विद्युतीकृत हो चुका था। समय के साथ विद्युतीकरण की गति में काफी वृद्धि हुई हैं। 2004 से 2014 के बीच यह लगभग 1.5 किलोमीटर प्रति दिन थी। पिछले छह वर्षो में यह बढ़कर 15 किलोमीटर प्रति दिन से अधिक हो गई हैं।
- भारतीय वैज्ञानिकों ने म्पेंबा प्रभाव को समझने के लिए सुपरकंप्यूटर आधारित पहला सिमुलेशन विकसित किया हैं। उन्होंने सुपरकंप्यूटर आधारित पहला सिमुलेशन विकसित किया हैं, जो यह बताता हैं कि गर्म पानी कभी कभी ठंडे पानी की तुलना में तेजी से क्यों जम जाता हैं। इस असामान्य व्यवहार को म्पेंबा प्रभाव कहा जाता है ओर यह लंबे समय से अनसुलझा रहा हैं। इस अध्ययन का नेतृत्व जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधार केंद्र के शोधकर्ताओं ने किया।
- जर्मन एयरोस्पेस इंजीनियर मिची बेंटहॉस अंतरिक्ष यात्रा करने वाली पहली व्हीलचेयर उपयोगकर्ता व्यक्ति बनने जा रही हैं। वह ब्लू ओरिजिन के न्यू शेपर्ड रॉकेट की आगामी NS-37 सब ऑर्बिटल मिशन पर उड़ान भरेगी। यह उपलब्धि मानव अंतरिक्ष उड़ान को अधिक समावेशी और सुलभ बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम मानी जा रही हैं। मिची बेंटहाउस एक जर्मन एयरोस्पेस और मेकाट्रॉनिक्स इंजीनियर हैं।
- क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए एक नया लोगो लॉन्च किया गया है, जो एक एकीकृत ब्रांड पहचान को दर्शाता हैं। एक राज्य एक आरआरबी के सिद्धांत पर आधारित वित मंत्रालय के वितीय सेवा विभाग ने 11 राज्यों/केंद्र शातिस प्रदेशों में स्थित 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का विलय कर दिया है, जो 1 मई 2025 से प्रभावी हैं। यह सुधार अधिक मजबूत और कुशल क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के निर्माण की दिशा में एक निर्णायक कदम हैं।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. हाल ही में गृह मंत्रालय ने भारत की जनगणना किस वर्ष के पहले चरण की अधिसूचना जारी कर दी है ?**

(A) 2026 (B) 2027

(C) 2028 (D) 2029

**(B)** पहले चरण में 1 अप्रैल से 30 सितंबर 2025 के बीच सभी राज्यों ओर केंद्र शासित प्रदेशों में घर घर जाकर जनगणना की जाएगी। प्रत्येक राज्य ओर केंद्र शासित प्रदेश 30 दिनों की निर्धारित अवधि के लिए यह कार्य करेगा। इस प्रक्रिया में स्व गणना का प्रावधान शामिल किया गया हैं। स्व गणना 15 दिनों तक उपलब्ध रहेगी।




**2. हाल ही में केंद्र सरकार ने कितने लाख करोड़ रूपये की सार्वजनिक निजी भागीदारी परियोजाओं की तीन वर्षीय पाइपलाइन तैयार की है ?**

(A) 17 लाख (B) 20 लाख

(C) 22 लाख (D) 25 लाख

**(A)** केंद्रीय बजट 2025-2026 में की गई घोषणा के कार्यान्वयन को ध्यान में रखते हुए आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा तीन वर्षीय सार्वजनिक निजी भागीदारी परियोजना पाइपलाइन तैयार की गई है। इस पाइपलाइन में 852 परियोजनाएं शामिल है, जो केंद्रीय अवसंरचना मंत्रालयों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फेली हुई है।



**3. हाल ही में GI काउंसिल ने हेल्थ इंश्योरेंस इकोसिस्टम के लिए को CEO नियुक्त किया है ?**

(A) रवि रंजन (B) सुरेश गोयल

(C) एस प्रकाश (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** हाल ही में भारत के गैर जीवन बीमा उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था जनरल इंश्योरेंस काउंसिल ने एस प्रकाश को मुख्य कार्यकारी अधिकारी हेल्थ इंश्योरेंस इकोसिस्टम एवं स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप्स के पद पर नियुक्त किया। इस भूमिका में प्रकाश बीमा कंपनियों, अस्पतालों, नियामकों ओर अन्य प्रमुख हितधारकों के साथ मिलकर पूरे स्वास्थ्य बीमा मूल्य श्रृंखला में पारदर्शिता संचालन दक्षता और विश्वास बढ़ाने से जुड़े क्षेत्रव्यापी प्रयासों को आगे बढ़ाएगे।



**4. हाल ही में किस राज्य ने स्थानीय निकाय चुनावों में दो बच्चों के नियम को खत्म किया है ?**

(A) तेलंगाना (B) झारखंड

(C) ओडिशा (D) पश्चिम बंगाल

**(A)** हाल ही में तेलंगाना विधान सभा ने जनवरी 2026 में सर्वसम्मति से कई विधेयक पारित किए, जो स्थानीय शासन कानूनो में एक महत्वपूर्ण सुधार हैं। इनमें सबसे प्रमुख तेलंगाना पंचायत राज विधेयक, 2026 है जो स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने के लिए दो बच्चों की अयोग्यता को हटाता हैं। यह निर्णय जनसंख्या नियंत्रण उन्मुख कानून से जनसांख्यिकीय स्थिरता केंद्रित नीति निर्माण की ओर एक जानबूझकर बदलाव को दर्शाता है।



**5. हाल ही में वीरांगना दुर्गावती बाघ अभ्यारण्य अगले मानसून से पहले चीतों का नया निवास स्थान कहां बनेगा ?**

(A) मध्यप्रदेश (B) उत्तरप्रदेश

(C) बिहार (D) केरल

**(A)** मध्यप्रदेश का वीरांगना दुर्गावती बाघ अभ्यारण्य अगले वर्ष से पहले राज्य में चीतों का नया घन बन जाएगा। यह घोषणा मुख्यमंत्री मोहन यादव ने की। यह निर्णय अफ्रीका से कुनों राष्ट्रीय उद्यान में चीतों के सफल स्थानांतरण के बाद लिया गया हैं। राज्य मंत्रिमंडल ने अभयारण्य के विकास के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी है।



**6. हाल ही में किस देश ने इंडियन प्रीमियम लीग के प्रसारण पर रोक लगा दी है ?**

(A) नेपाल (B) भूटान

(C) श्रीलंका (D) बांग्लादेश

**(D)** हाल ही में बांग्लादेश में आईपीएल प्रसारण पर रोक लगा दी हैं। आईपीएल के 2023 से 2027 तक के मीडिया राइट्स बीसीसीआई ने करीब 48390 करोड़ रूपये में बेचे हैं। इस कमाई का बड़ा हिस्सा भारत से आता है, जहां टीवी और डिजिटल दोनो प्लेटफॉर्म पर आईपीएल की व्यूअरशिप सबसे ज्यादा है।




**7. हाल ही में किस राज्य का लिंग अनुपात 2025 में तेजी से बढ़कर 923 हो गया है?**

(A) हरियाणा (B) झारखंड

(C) कर्नाटक (D) पश्चिम बंगाल

**(A)** हाल ही में हरियाणा राज्य का जन्म के समय लिंगानुपात 2025 में बढ़कर 923 हो गया है जो पिछले पांच सालो में सबसे ज्यादा है और 2024 के 910 से 13 अंकों की बढ़ोतरी दर्शाता हैं। यह सुधार भ्रुण में लिंग जांच ओर अवैध गर्भपात के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा की गई सख्त कार्रवाइयों ओर बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अभियान के सफल कार्यान्वयन का परिणाम है, जिससे लिंग समानता को बढ़ावा मिला है।



**8. हाल ही में किसने खतबात ए मोदी लाल किला की फसील से नामक पुस्तक का विमोचन किया है ?**

(A) अमित शाह (B) राजनाथ सिंह

(C) धर्मेंद्र प्रधान (D) एस जयशंकर

**(C)** हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली में खतबात ए मोदी लाल किला की फसील से नामक पुस्तक का विमोचन किया। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री प्रधान ने बताया कि यह पुस्तक वर्ष 2014 से 2025 तक प्रधानमंत्री मोदी के स्वतंत्रता दिवस समारोह पर दिए गए भाषणों का संकलन है।




**9. हाल ही में कहां स्मार्ट ग्रीन एक्वाकल्चर RAS का उद्धघाटन किया गया है ?**

(A) तेलंगाना (B) कर्नाटक

(C) उत्तरप्रदेश (D) आंध्रप्रदेश

**(A)** हाल ही में स्मार्ट एक्वाकल्चर फार्म और अनुसंधान संस्थान का उद्धघाटन हैदराबाद में एक आम सभा की बैठक के बाद किया गया। यह प्रोजेक्ट रंगा रेड्डी जिले के कंदुकुर मंडल में स्थित है। इसे स्मार्ट ग्रीन एक्वाकल्चर लिमिटेड द्वारा एक वाणिज्यिक पैमाने और अनुसंधान उन्मुख एक्वाकल्चर सुविधा के रूप में विकसित किया गया है।



**10. हाल ही में भारत के आठ प्रमुख क्षेत्रों के उत्पादन में नवंबर 2025 में कितने प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है ?**

(A) 1.5% (B) 1.8%

(C) 2.9% (D) 3.2%

**(B)** हाल ही में भारत के आठ प्रमुख उद्योगों ने नवंबर 2025 में 1.8% का उछाल देखा, जिसका मुख्य कारण सीमेंट, इस्पात, उर्वरक ओर कोयले के क्षेत्रो का मजबूत प्रदर्शन था। आधिकारिक आंकड़ो के अनुसार कच्चे तेल ओर प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट ने पूरी वृद्धि में बाधा डाली।



Rise Education